यूरोपीय दर्शन अपने वर्तमान प्रणालियों की खामियों के बीच से विकसित हुए हैं। इसमें एक तरह की कालानुक्रमिक विकास हम देख सकते हैं । ऐसी प्रणाली में सटीक कालक्रम का ज्ञान होने से ही विविध प्रणालियों की क्रम को समझ सकते हैं । क्रम को समझने से पिछली प्रणाली की जगह नई प्रणाली के स्थापित हो जाने का विवरण मिलता है । यूरोपीय दर्शन का विकास इस प्रकार कालक्रम के साथ होकर संभव हो पाया है । इसमें एक प्रणाली को जाने बिना अगली प्रणाली पर जाना असंभव सा हो जाता है ।

लेकिन भारतीय दर्शन की अधिकतर प्रणालियाँ साथ-साथ विकसित हुई है । प्रणालियों में एक दूसरे की आलोचना निहित है । यूरोपीय दर्शन में किस प्रकर एक प्रणाली के बदले दूसरी आती है, उसके विपरीत भारतीय दर्शन में एक के स्थान पर किसी अन्य प्रणाली स्थापित नहीं हुई थी । किसी निर्धारित प्रणाली के भीतर नये दार्शनिकों ने अपने पूर्ववर्तियों के तर्कों को सही ठहराने

तथा उन्हें और पुष्ट करने में अपनी क्षमता और शक्ति को लगाई । एक के बदले नयी प्रणाली स्थापित करना उनका लक्ष्य नहीं था । पुराने के साथ कुछ जोड़कर और कुछ तोड़कर एक सुव्यवस्थित नयी प्रणाली की स्थापना करना उनका काम था, जो मूल से पूर्ण रूप से भिन्न न हो । नये रूप और भाव से बने गये प्रणाली को, और उससे जुड़े नये वादों को इन विचारकों ने अपने तर्कों से सही ठहराने का प्रयास किया । इस प्रकार सभी मूल प्रणालियाँ शताब्दियों तक साथ-साथ मौजूद रहीं । भारतीय संदर्भ में प्रणालियों के इतिहास को न सुरक्षित रखा, लेकिन उनके दर्शन को अवश्य सुरक्षित रखा गया है । भारतीय दर्शन के किसी विशेष अध्ययन शाखा के विकास में अन्य प्रणालियों का प्रभाव दर्शनीय हैं । भारतीय दर्शन में विचारों की निरंतरता पाया जाता है । इसलिए किसी विशेष काल के प्रणाली को जाने बिना भी अगले कालखण्ड के दर्शन संबन्धी विचारों पर आलोचना करना संभव हो जाता है । इसलिए समय संबन्धी कोई विशेष सूचना भारतीय दर्शन के अध्ययन में महत्व नहीं रखती हैं ।

भारतीय दर्शन के विकास का आरंभिक चरण स्पष्ट नहीं है । हम अधिकतर संप्रदाय के उद्‌भव को ई. पू. ६०० और ई.पू १०० अथवा २०० के बीच के समय में मानते हैं। लेकिन विविध संप्रदायों के समय के संबन्ध में कई वाद-विवाद हुए हैं। क्योंकि किसी न किसी समय में यह सभी प्रणालियाँ एक साथ दिखाई देती हैं । जैन दर्शन का उद्‌भव बौद्ध दर्शन से भी पहले माना जाता है । लेकिन बौद्ध दर्शन का भौतिकतावाद जैन दर्शन में भी पाया जाता है । इसी तरह सांख्य, योग, मीमांसा और वैशेषिक प्रणालियों के तत्वों को भी जैन और बौद्ध दर्शन के पहले पाया जाता है । न्याय एवं वेदांत की प्रणालियों के इतिहास के बारे में भी अधिकृत रूप में कुछ भी नहीं कहा जाता । कुल मिलाकर भारतीय दर्शन में विचार की नौ अध्ययन शाखाएँ हैं । उनके विकास की कुछ तिथियाँ उपलब्ध हैं जिससे विचारकों की कालावधि एवं क्रम निर्धारित करना संभव है ।

भारतीय दर्शन के विभिन्न कालखंड

डॉक्टर राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन के विभिन्न कालखंडों को निम्नलिखित रूप में विभक्त किया है ।

१. वैदिक काल (ई. पू १५०० से ई.पू ६००)

यह कालखंड आर्यों की उपनिवेश और उनके विस्तार का प्रतीक है । उपनिषदों की रचना से पहले के इस काल में दर्शन का कोई ठोस अस्तित्व देख नहीं सकता । डॉ. राधाकृष्णन इस समय को दर्शन के प्रारंभ काल के रूप में मानते हैं । वह कहता है कि, यह अन्वेषण का युग है और अन्धविश्वास तथा विचार के बीच में संघर्ष चल रहा था ।

२. पुराण काल (ई. पू ६०० से २०० ईसवी तक)

इस काल में उपनिषदों और दर्शन की विभिन्न पद्धतियों का विकास हुआ। इस समय में रामायण और महाभारत के ज़रिए ईश्वर और मानव के संबन्धों का चित्रण है। बौद्ध, जैन, वैष्णव धर्मों की जड़ें भी इसी काल में हैं। भारतीय दर्शन शाखा में विभिन्न दर्शन चिन्तन इसी काल की देन है।

३. सूत्र काल (२०० ईस्वी से)

यह काल विभिन्न दर्शनों से संबन्धित साहित्य में तीव्र गति से आये विकास का समय रहा । इसी काल में सूत्र के रूप में विभिन्न साहित्यों का उदय हुआ । इन सूत्रों को समझने के लिए टिप्पणी की अवधारणा पैदा हुई । पिछले समय में जहाँ विद्वान दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा कर रहे थे, वहाँ इस काल में दार्शनिक समस्याओं को समझने में मानव मस्तिष्क की क्षमता पर चर्चा हुई थी।

४. भाष्य काल (२०० ईस्वी से)

यह काल पिछले से विशेष रूप से पृथक नहीं है । इस काल में कुमारिल, शंकर, रामानुज, श्रीधर, माधव, वाचस्पति, उडयन, भाष्कर, जयंत, विज्ञानभिक्षु और रघुनाथ जैसे अनेक विद्वान हुए । अनेक वाद विवाद एवं कई मूल्यवान ग्रन्थों की रचना भी हुए । साहित्य का कार्य केवल शास्त्रार्थ में हुआ था । इस काल में सिर्फ शंकर और रामानुज जैसे विद्वानों द्वारा विकसित आध्यात्मिक पथ एकमात्र उपलब्धि रहा ।

आस्तिक और नास्तिक

भारतीय दर्शन में नौ विचार पद्धतियाँ दर्शनीय हैं । इन पद्धतियों को परंपरागत तौर पर दो विभागों में बाँटा गया हैं ।

१. आस्तिक

२. नास्तिक

यह वर्गीकरण वेदों में विश्वास रखने के आधार पर किया गया है । वेद को माननेवालों को आस्तिक और न माननेवालों को नास्तिक कहा गया है ।

चार्वाक, बौद्ध एवं जैन दर्शन नास्तिक वर्ग में आते हैं । क्योंकि वे वेदों को नहीं मानते हैं । बौद्ध और जैन धर्मों के अपने-अपने अलग ग्रन्थ हैं । अन्य छः दर्शन आस्तिक है । क्योंकि वे

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में वेदों के प्रभुत्व को स्वीकारते हैं । मीमांसा और वेदान्तः पूर्णतः वेदों पर निर्भर हैं । वैदिक परंपरा को भी मानते हैं । मीमांसा में वेदों के महत्व पर ज़ोर दिया गया है । जबकि सांख्य, योग, न्याय और वैशेषिक दर्शन पूर्ण रूप में वेदों को नहीं मानते हैं । लेकिन अपने सिद्धान्तों और वेदों के बीच एक तादात्म्य स्थापित किया है ।

भारतीय दर्शन के विविध संप्रदाय

भारतीय दर्शन व्यवस्था में नौ संप्रदाय दर्शनीय हैं ।

१. भौतिकतावाद या जड़वाद (Materialism)

यह संप्रदाय चार्वाक दर्शन भी कहलाता है । यह नाम इसके मुख्य प्रवर्तक चार्वाक ऋषि पर आधारित है । इसे लोकायत या जनता का दर्शन भी कहा जाता है । यह संप्रदाय केवल पदार्थ को ही (तत्व) मानते हैं ।

भौतिकतावादी दार्शनिक सिर्फ चार शाश्वत तत्वों को ही मानते हैं । यह तत्व हैं पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु । सभी वस्तुओं को इन्हीं तत्व के रूप में मानते हैं । चेतना जैसी आध्यात्मिक अवधारणा (concept) को भी संपत्तिक (matter) के तौर पर देखते हैं । इस दर्शन के अनुसार इन्हीं चार तत्वों के निश्चित अनुपात (मात्रा) में संयोग से शरीर बनाया गया है । उनके समस्त दर्शन उनके ज्ञान के सिद्धान्त पर बना हुआ है । इसमें प्रत्यक्ष ज्ञान को ज्ञान का एकमात्र श्रोत माना है । यह दर्शन ईश्वर, आत्मा, आकाश जैसे अवधारणा को नहीं मानते हैं । क्योंकि इनका अनुभव करना प्रत्यय (perception, इन्द्रीय ज्ञान) द्वारा संभव नहीं है ।

चार्वाक दर्शन में इच्छाओं की वरीयता है । क्योंकि वह विश्व को ही एक मात्र सत्य मानते हैं, जिसका हमारे मृत्यु के बाद दुबारा अनुभव करना संभव नहीं हैं । यह संप्रदाय इन्द्रियों का अधिकतम उपयोग पर विश्वास रखते हैं । चार मानवीय मूल्य -- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में से वे सिर्फ काम को ही मुख्य मानते हैं । अर्थ को काम को पाने में एक साधन मात्र माना गया है ।

इस दर्शन का कोई प्रारंभिक विवरण अब तक नहीं मिला है । इस संप्रदाय के बारे में हमें जो भी जानकारियाँ मिली हैं, वह पुस्तकों से या अन्य संप्रदायों से है ।

२. जैन दर्शन

इस धर्म दर्शन को वास्तविकतावादी, सापेक्षतावादी, बहुलवादी और नास्तिक जैसे विशेषणों से वर्णित किया जा सकता है । जैन दर्शन इन्द्रियानुभव, अनुमान और साक्ष्य को ज्ञान के साधन मानते हैं । इन सभी को मिलाकर स्यादवाद या ज्ञान के सापेक्षता का सिद्धान्त बनाया

गया है। इनके अनुसार वास्तविकता के अनेक रूप हैं । मानव ज्ञान सापेक्ष है और उन सभी को समाहित नहीं किया जा सकता। इसलिए हमारा निर्णय हमेशा परम स्वीकृत या अस्वीकृत नहीं हो सकते, बल्कि सापेक्ष होते है। जैसे किसी विशेष बिन्दु से अनन्त को एक ही बार देखा जा सकता है। इससे संबन्धित सिद्धान्त को अनेकांतवाद या वास्तविकताओं का सिद्धान्त कहा गया है। इस सिद्धान्त के अनुसार वास्तविकता कभी बदलते है, कभी नहीं।

जैन संप्रदाय सभी तत्वों को आत्म और अनात्म (जीव और अजीव) में विभक्त करता है। ये दोनों अपने आप में भिन्न होते हुए भी स्वतंत्र और सत्य है । अजीव पाँच प्रकार के हैं ।

१. काल या समय
२. आकाश या अंतरीक्ष
३. धर्म या गति
४. अधर्म या विश्राम
५. पुदगल या तत्व, पदार्थ

जैन यह मानते हैं कि इस विश्व के सभी जीव वस्तुओं में आत्मा है । कर्म आत्मा को शरीर से जोड़ता है । सही आस्था (विश्वास), सही ज्ञान, सही आचरण (स्वभाव, व्यवहार), शरीर (तत्व) को आत्मा से अलग करते हैं। अंत में आत्मा को मुक्ति मिलती है । जैन धर्म में अनुशासन (discipline) की पाँच स्तरीय प्रणाली है ।

१. अहिंसा (non-violence)
२. सत्य (truth)
३. आस्तेया (non-stealing)
४. ब्रह्मचर्य
५. अपरिग्रह (renunication - त्याग करना)

इन प्रणालियों का पालन जैन भिक्षु कठोरता से करते हैं । जैन धर्म दर्शन ईश्वर को नहीं मानते हैं । फिर भी यह एक नीतिपरक संप्रदाय है ।

३. बौद्ध दर्शन

यह संप्रदाय बुद्ध के आत्मज्ञान की प्राप्ति के बाद सामने आया और इसी की माध्यम से धर्म प्रचार भी करने लगे । मौखिक तौर पर इसका प्रचार किया था । ऐसे करने पर भी उनके तीन मुख्य विद्धान्त आज भी सुरक्षित है । इनमें से पहला सिद्धान्त कतवरी आर्य सत्य या चार आर्य सत्य है । इस सिद्धान्त में कहा गया है कि,

१) यहाँ दुःख है

२) दुःख का कारण है ।

३) दुःख को समाप्त किया जा सकता है

४) दुःख दूर करने के लिए पथ है ।

दूसरा सिद्धान्त है, प्रतीत्य समुत्पाद सिद्धान्त । यह दूसरे और तीसरे आर्य सत्य से संबन्धित है । इसमें कहा है कि, विश्व में जो भी घट रहा है उसका कारण है और इसलिए वह नश्वर है । बुद्ध मानते थे कि कष्ट या दुःख, उपेक्षा (Ignorance) के कारण होते हैं । यह उपेक्षा हमें जन्म और मृत्यु के चक्र में ले जाते हैं । ज्ञान पाने से ही इस चक्र से मुक्ति मिल सकती है । दुःख दूर करने के लिए आठ पथ हैं ।

१. शुद्ध विचार (Right views)

२. शुद्ध निश्चय या संकल्प (Right determination)

३. शुद्ध भाषण (Right speech)

४. शुद्ध आचरण (Right conduct)

५. शुद्ध रोजगार (Right livehood)

६. शुद्ध उद्यम (Right endeavour)

७. शुद्ध मस्तिष्क (Right mindfulness)

८. शुद्ध ध्यान (Right concentration)

बौद्ध दर्शन प्रत्ययों और अनुमानों को शुद्ध ज्ञान का साधन मानते हैं । यह साक्ष्य पर भी विश्वास रखता है । इसकी सीमा अनीश्वरवाद से लेकर प्रत्यक्ष वास्तविकतावाद तक है । बौद्ध दर्शन की कई शाखायें हैं, जिनमें हीनयान और महायान प्रमुख हैं ।

४. न्याय दर्शन

न्याय दर्शन की स्थापना गौतम ऋषि द्वारा किया गया था । यह वैशेषिक दर्शन से मिलते-जुलते दर्शन संप्रदाय है । दोनों के विचारों में कई समानतायें हैं, और थोड़े मतभेद भी हैं । वैशेषिक दर्शन के ज्ञान, मीमांसा और तर्क संबन्धी अंश न्याय दर्शन में मिलते हैं । न्याय दर्शन में परमाणुवादी बहुलता और तार्किक वास्तविकतावाद प्रमुख हैं। इसमें कहा गया है कि, वास्तविकता की अज्ञान के कारण आत्मा बन्धन में पड़ी हुई है । इस कष्ट से मुक्ति के एक मात्र रास्ता ज्ञान प्राप्त करना है । इनके अनुसार ज्ञान प्राप्ति के लिए चार (४) मार्ग हैं ।

१. प्रत्यय (Perception)

२. अनुमान (Inference)

३. तुलना (Comparison)

४. साक्ष्य (Testimony)

इसमें ब्रह्मांड को वास्तविक मानते हैं । ब्रह्मांड को सोलह (१६) भागों में विभाजित किया है । इस दर्शन में कार्य-कारणवाद का सिद्धान्त प्रमुख हैं । ब्रह्मांड के सभी वस्तुएँ परमाणु के संयोजन से बने हुए हैं । यह वस्तुएँ शाश्वत हैं और एक रूप में स्थित है । हर वस्तु में ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए इसमें कई तर्क दिये गये हैं । न्याय दर्शन में मुक्ति को आनन्द नहीं बल्कि कष्ट और दु:ख की स्थिति माना गया है ।

५. वैशेषिक दर्शन

इसकी स्थापना कणाद ऋषि ने की थी । इसके ज़्यादातर विचार न्याय दर्शन के समान हैं । न्याय दर्शन के समान इसमें मुक्ति के लिए वास्तविकता को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है । वैशेषिक दर्शन में वास्तविकता को सात (७) भागों में विभाजित किया है ।

१. वस्तु (Substance)
२. गुणवत्ता (Quality)
३. क्रिया (Action)
४. विशेषता (Particularity)
५. सामान्यीकरण (Generality)
६. समवाय (Inherence)
७. अस्तित्वहीनता (non-existence)

इसमें मन को परमाणु मानता है और आत्मा को शाश्वत और परिवर्तनशील । वैशेषिक दर्शन में प्रत्ययों और अनुमानों को प्रमाणों की तौर पर मान्यता दी है । इसमें मौखिक साक्ष्य को मान्यता नहीं है ।

६. सांख्य संप्रदाय

यह कपिल ऋषि की निरपेक्ष वास्तविकता पर आधारित है । यह प्रकृति और पुरुष जैसे दो स्वतंत्र पारस्परिक निरपेक्ष वास्तविकता पर विश्वास करता है । इनके अनुसार पुरुष प्रतिभाशाली है । यह आत्मा है, जो शरीर, संवेदना और मस्तिष्क से अलग है । यह विश्व में हो रहे सारे परिवर्तन का साक्षी है पर अपने आप में शाश्वत है । और परिवर्तन के लिए स्वयं तैयार नहीं, पुरुष वह है जो प्रकृति के उत्पादों का आनन्द उठाता है ।

दूसरी तरफ प्रकृति अचेतन और शाश्वत है । विश्व का पहला सिद्धान्त यह है कि, प्रकृति लगातार परिवर्तनशील है, और पुरुषों के भोग के लिए बनी है । यह सत्व, रज और तमस इन तीनों गुणों का मिश्रण है । प्रकृति में हमेशा संतुलन रहती है । प्रकृति का संतुलन पुरुष के निकट आने से टूट जाता है । इस दुनिया में जो भी है तीन गुणों का संयोजन है ।

सांख्य दर्शन में प्रत्यय, अनुमान और साक्ष्य को प्रमुखता दी गई है । आस्तिक होकर भी कभी-कभी सांख्य संप्रदाय अनीश्वरवादी है । इनके अनुसार ज्ञान हमें मुक्ति नहीं दिला सकता, पर मुक्ति के रास्ते पर ले जा सकता है । यह रास्ता आध्यात्मिक प्रशिक्षण और योगाभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है ।

७. योग

इसकी स्थापना पतंजलि ने की थी जो सांख्य दर्शन से जुड़े हुए थे । इसलिए इसमें सांख्य दर्शन के सिद्धान्तों की मान्यता है । सांख्य दर्शन सैद्धान्तिक है, और योगाभ्यास पर आधारित है । विवेकपूर्ण ज्ञान मुक्ति के लिए आवश्यक है और इसे योगाभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। योगाभ्यास एक अनुशासन है जो भारत में प्राचीन काल से चला आ रहा है । सांख्य दर्शन से जुड़े रहने पर भी अपने कुछ विशिष्ट दर्शन को विकसित करने का प्रयास इसमें हुआ है । योग के अन्तर्गत चित्तवृत्तिनिरोध या सभी कार्य से मुक्ति के बारे में कहा गया है । इसका उद्देश्य गलत रास्ते से आत्मा की रक्षा करना है । योग अपने सिद्धान्तों के ज़रिए नहीं बल्कि अपने आसनों के कारण जाना जाता है । योग के अभ्यास के लिए आठ चरण हैं । इसमें आत्मा और बाह्य शुद्धि, आत्मानुशासन, शारीरिक चुस्ती और ध्यान पर ज़ोर दिया गया है । योग से चेतना और मानसिक शक्ति का विकास होता है । योग के आठ चरण यह है कि,

१. यम
२. नियम
३. आसन
४. प्राणायाम
५. प्रत्याहार
६. धारण
७. ध्यान
८. समाधि

योगाभ्यास करने से मुक्ति प्राप्त होती है । पाँच यम में असत्य भाषण, चोरी, गलत जीविका, लालच, धन आदि से दूर रहने की बात कही गयी है । पाँच यम हैं,

१. अहिंसा
२. सत्य
३. अपरिग्रह
४. अस्तेय
५. जितेन्द्रियता

नीतिबोध पर आधारित इस संप्रदाय में ईश्वर के अस्तित्व को माना है ।

८. मीमांसा

इसकी स्थापना जैमिनी ने की थी । इसका मुख्य उद्देश्य वेदों में वर्णित कर्मकाण्ड का समर्थन करना है । इसमें कहा गया है कि वेद बिना त्रुटियों से बना हुआ है और शाश्वत है । इसलिए वेदों की सत्ता को बिना किसी शंका से मान लेना चाहिए । इसके अनुसार वेद और कर्मकाण्ड को न माननेवालों को मृत्यु के बाद मुक्ति नहीं मिलेगी । इसमें विश्व और आत्मा को वास्तविक माना है । आत्मा को अमर कहा गया है और ईश्वर को इसमें कोई स्थान नहीं हैं । वेदों का ही विकास के रूप में इसे मीमांसा कहा गया है ।

९. वेदान्त

इसको वेदान्त इसलिए कहते है कि यह वेदों का ही अंत को सूचित करता है । वेदान्त दो शब्द वेद और अंत को मिलाकर बनाया गया है, जिसका अर्थ है वेदों का अंत । इस संप्रदाय का प्रारंभ वहाँ से है, जहाँ वेद समाप्त हो जाते हैं । वेदान्त का आधार उपनिषद, गीता और ब्रह्मसूत्र

हैं । वेदान्त में अभी भी व्याख्या के लिए संभावना है । दार्शनिक अद्वैतवाद को वेदान्त की प्रतिनिधि मानते हैं, क्योंकि वेदान्त भी एकात्मवाद पर विश्वास करता है । यह दुनिया को परम सत्य नहीं मानते है । प्रत्यक्ष जान, अनुमान, तुलना, साक्ष्य, परिकल्पना और अबोधगम्यता पर वेदान्त विश्वास करते हैं ।

ये सारे के सारे नौ संप्रदाय आपस में जुड़े हुए हैं । एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय से मिले आलोचना के आधार पर नए सिद्धान्त बनाये रहे, और दूसरों को चुनौती देने के लिए स्वयं नए सिद्धान्तों की सृजन भी होने लगी । इसी कारण से एक संप्रदाय को सही रूप में जानने के लिए दूसरों को भी समझना अनिवार्य हो जाता है ।

ज्ञान क्या है ?

इस प्रश्न का सीधा-सादा उत्तर देना संभव नहीं है कि ज्ञान क्या है ? इसका उत्तर विभिन्न प्रकार में हो सकते हैं । ज्ञान कैसे है ? जैसे प्रश्न और ज्ञान यह है जैसे उत्तर के विविध रूप हमारे सामने आ जाते हैं । मैं किसी को जानता हूँ, अथवा चूते हुए नल ठीक करना जानता हूँ या मुझे मालूम है कुछ बिल्लियाँ काली हैं । इनमें से हरेक ज्ञान का उदाहरण है, पर उनमें से प्रत्येक में भेद है । पहले में परिचय, दूसरे में कौशल या क्षमता तीसरे में एक सत्य कहा गया है । ज्ञान का सिद्धान्त तीसरे उदाहरण से संबन्धित है, ज्ञान का सिद्धान्त सत्य या प्रस्तुत ज्ञान पर आधारित है । प्रस्तुत ज्ञान विश्वास की एक प्रकार माना जाता है । पश्चिमी दर्शन के अनुसार ज्ञान में सत्य, न्याय और सर्वसम्मति होना ज़रूरी है ।

ज्ञान एवं प्रमा

सामान्यतः लोगों की धारणा यह है कि ज्ञान शब्द का अर्थ सभी प्रकार के बोध से है कि क्या सही है और क्या गलत है । इसमें हमारे सही बोध को प्रमा कहते हैं । पश्चिमी अवधारणा के अनुसार ज्ञान कुछ विश्वासों का समूह है । भारतीय अवधारणा के अनुसार प्रमा विश्वासों से नहीं बल्कि हमारे बोध से संबन्धित हैं । पश्चिमी दर्शन में गलत विश्वास को ज्ञान न कहा जायेगा । पश्चिमी दर्शन में सही ज्ञान या गलत ज्ञान नहीं है, लेकिन भारतीय दर्शन में ज्ञान की सही और गलत रूप हम देख सकते हैं । किसी वस्तु के बारे में सही जानकारी ज्ञान है उससे जुड़े गलत अवधारणा को जानना भी जानकारी ही है ।

भारतीय संदर्भ में किसी भी अवधारणा के लिए एक मात्र परिभाषा देना संभव नहीं है । हरेक दर्शन एक ही अवधारणा के लिए विविध व्याख्यायें देते हैं । भारतीय दर्शन शाखाओं ने प्रमा में सत्य की गुण को आवश्यक माना है । बौद्ध दर्शन में ज्ञान का सत्य उपयोगिता (utility) के अनुसार हैं । इनके अनुसार किसी उद्देश्य की पूर्ती करने की क्षमता रखनेवाले ज्ञान में सत्य है ।

न्याय दर्शन के अनुसार उद्देश्य की पूर्ति करनेवाला ज्ञान ही सत्य है । शुद्ध ज्ञान से किसी वस्तु में सचमुच उपस्थित गुणों के बारे में जानकारी मिलती हैं । ज्ञान और सत्य की इस परस्पर संबन्ध पश्चिमी दर्शन के तदानुरूपता सिद्धान्त के समान ही है ।

कुछ दार्शनिकों का मत है कि सत्य अनुभवजन्य होना चाहिए । उनका कहना है कि सच्चा ज्ञान वही है जो अन्य अनुभवों के अनुकूल हो । यह दृष्टिकोण पश्चिम के सामंजस्य सिद्धान्त से मिलता-जुलता है ।

वेदान्त के अद्वैत संप्रदाय में सत्य को अकाट्य माना गया है । उनके अनुसार सच्चा ज्ञान वही है जो बाद में झूठा सिद्ध न सिद्ध कर सके ।

लेकिन ज्ञान की प्रामाणिकता के लिए केवल सत्य को आधार मानना ठीक नहीं है, क्योंकि कभी-कभी सच हमारी स्मृति से संबन्धित है । स्मृति के अनुसार हम सच को पहचानते हैं । सच्चा ज्ञान या सत्य प्रमा कहा जायेगा । प्रमा कभी गलत स्थापित हो जाये यह ठीक नहीं है । स्मृति अप्रमाणिक ज्ञान है । इसे प्रमा का हिस्सा न मान लेना चाहिए । इसलिए ज्ञान सत्य होने के साथ-साथ नया और पूर्व में अज्ञात भी होना चाहिए ।

ज्ञान का स्वरूप

ज्ञान का स्वरूप क्या है ? ऐसे प्रश्न पूछने पर हमेशा समस्या आ जाती है । ज्ञान को गतिविधि, संबन्ध और गुण जैसे विविध रूप में माननेवाले हैं । इसके अनुसार ज्ञानसंबन्धी विविध सिद्धान्त हैं ।

(१) ज्ञान के कार्यसिद्धान्त के अनुसार ज्ञान एक गतिविधि या प्रक्रिया है । ज्ञान पाने के लिए एकाग्र होना ज़रूरी है । एकाग्रता के बिना व्यक्ति वस्तुओं का अनुभव नहीं कर पाता । अनुभव करने के लिए दिमाग को सक्रिय करना होगा । इस प्रकार सोचने पर ज्ञान एक प्रक्रिया या गतिविधि है।

(२) ज्ञान के अंतःसंबन्ध सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान-मस्तिष्क, वस्तु तथा अंतर्वस्तु के बीच संबन्ध है । कुछ लोग ज्ञान को मस्तिष्क और वस्तु के बीच की और कुछ लोग इसे सिर्फ मस्तिष्क से मात्र संबन्धित मानते हैं । कुछ इसे वस्तु से मात्र संबन्धित भी मानते हैं ।

(३) ज्ञान की गुणवत्ता सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान को गुण का प्रतीक माना है । लेकिन प्रश्न आता है कि यह किसका गुण है । सांख्य या योग के अनुसार बुद्धि आधार तत्व है । ज्ञान उसका गुण है। न्याय और वैशेषिका में आत्मा को मूल में मानते हैं । वेदान्त में भी ज्ञान को आत्मा का अवश्य गुण माना गया है ।

ज्ञान का वर्गीकरण

ज्ञान का वर्गीकरण करने से हमें अप्रमा अथवा अनधिकृत ज्ञान की अवधारणा मिलती है, जिसकी तालिका को निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत किया गया है ।



अनधिकृत या अपुष्ट ज्ञान की अवधारणायें

१. स्मृति

भारतीय ज्ञान शास्त्र में स्मृति के लिए विशेष स्थान है । यह पुष्ट या अपुष्ट ज्ञान नहीं है । स्मृति ऐसी अवस्था है जिसमें याद की गयी वस्तु हमेशा उपस्थित नहीं होते । स्मृति में वस्तु से संबन्धित पिछले अनुभव को याद करने के बाद दिमाग में उसको ले आते हैं । स्मृति में कभी वस्तुओं के यथार्थ रूप और कभी अयथार्थ रूप मिल जाते हैं ।

२. संशय

संशय होने से ही ज्ञान मिलते हैं और ज्ञान का खण्डन भी होता है । एक ही वस्तु के बारे में संशय के कारण, विविध और विपरीत मान्यतायें होने के कारण ही ज्ञानार्जन संभव हो पाते हैं । वस्तु के बारे में एक निर्णय न मिल पाने से संशय उत्पन्न हो जाता है । संशय सच्चा या झूठा ज्ञान नहीं है ।

३. विपर्यय

यह अपुष्ट ज्ञान है । विपर्यय में हम वस्तु को अव्यवस्थित या अवास्तविक रूप में देखते हैं । विपर्यय के माध्यम से वस्तुओं में कुछ गुण काल्पनिक रूप में मान लेते हैं । उदाहरण के रूप में हम रस्सी को साँप मानकर उसमें साँप के गुण देखते हैं । विपर्यय और संशय में अंतर है । संशय में अनिश्चय की स्थिति है । लेकिन विपर्यय में निश्चितता का तत्व है । वस्तु के बारे में झूठा दावा किया जाता है ।

४. तर्क

जब किसी खास मुद्दे पर दो समान रूपी युक्ति और विरोधाभासी विकल्प आ जाते हैं, तो उनकी बीच में से अनिश्चय की स्थिति को मिटाने के लिए और किसी एक को चुनने के लिए काल्पनिक तर्क का सहारा लिया जाता है । इसमें एक युक्ति को लेकर दूसरी युक्ति का विरोध किया जाता है । अंत में सत्य ढूँढ़ लेते हैं । तर्क को पुष्ट ज्ञान नहीं माना जाता, बल्कि इसे सत्य को परखने का माध्यम माना जाता है । कभी-कभी दोनों युक्ति गलत स्थापित हो जाने पर भी अंतिम निर्णय लेने की प्रक्रिया में यह सहायक बन जाते हैं ।

भारतीय परंपरा में ज्ञान की अवधारणाएं

ज्ञान के भारतीय सिद्धान्तों को जानने के लिए भारतीय दर्शन में जो ज्ञान संबन्धी परिकल्पनायें हैं, उसे सही रूप में जानना ज़रूरी है ।

१. बोध

भारतीय दर्शन में बोध के लिए महत्वपूर्ण स्थान है । किसी भी व्यक्ति में किसी भी वस्तु के बारे में कहने से या सुनने से पैदा होनेवाले चेतना को हम बोध कहते हैं । बोध को तर्क संगत ज्ञान की कसौटी पर देखना ज़रूरी नहीं है ।

२. सापेक्ष ज्ञान (relational knowledge)

सापेक्ष ज्ञान के लिए चार प्रमुख तत्व हैं ।

१. ज्ञाता (knower)
२. ज्ञेय (the object known)
३. ज्ञान प्राप्ति की प्रक्रिया (process of acquiring knowledge)
४. परिणामस्वरूप प्राप्त ज्ञान (resultant knowledge)

इसमें व्यक्ति अथवा प्रमथ (ज्ञाता) को एक पक्ष में रखता है । दूसरे पक्ष में प्रमेय (ज्ञेय) अर्थात् वस्तु को रखता है । व्यक्ति के बिना ज्ञान संभव नहीं है । क्योंकि व्यक्ति ही बुद्धि अथवा चेतना का आश्रयस्थान है ।

३. प्रमाण

प्रत्येक दर्शन में प्रमा के लिए अलग-अलग परिभाषायें हैं । प्रमा प्राप्त करने के लिए कई मार्ग या साधन हैं । प्रमा के इन साधनों को प्रमाण कहते हैं । प्रमा सही ज्ञान होने के कारण स्मृति और प्रत्यभिज्ञा (recognition) से प्राप्त होनेवाले ज्ञान को हम नहीं मानते हैं । प्रमाणों की छह भेद हैं ।

1. प्रत्यक्ष ज्ञान (perception)
2. अनुमान (inference)
3. तुलना या उपमान (comparison)
4. शब्द या साक्ष्य (testimony)
5. परिकल्पना या अर्थापत्ति (presumption)
6. अनुपलब्धि (non cognition)

पुष्ट ज्ञान की साधना को प्रमाणों के अधिकार के आधार पर विभक्त किया गया है । हर एक प्रमाण का अधिकार के क्षेत्र किसी अन्य प्रमाण का अधिकार क्षेत्र से विशिष्ट माना गया है । इस विशिष्ट स्थिति को प्रमाण व्यवस्था कहते हैं ।

एक अन्य दृष्टिकोण से प्रमाणों के अधिकार क्षेत्र कभी परस्पर मिलते हैं और कभी अलग रहते भी नहीं है । इस दृष्टिकोण को प्रमाण संप्लव कहते हैं । बौद्ध लोग प्रमाण व्यवस्था को मानते हैं । न्याय एवं वैशेषिक प्रमाण संप्लव को मानते हैं ।

स्वतः प्रकाशवाद और परतः प्रकाशवाद

ज्ञान हमें विविध रूप में मिलते हैं । इसके संबन्ध में दो प्रमुख वाद हैं । जब कुछ जानने के लिए सकारात्मक उत्तर (positive answer) देने को स्वतः प्रकाशवाद कहा जाता है । यह सिद्धान्त ज्ञान की स्वयं प्रकट होने की क्षमता पर आधारित है । जब प्रश्न का नकारात्मक उत्तर (negative answer) देते हैं तो उसे परतः प्रकाशवाद कहते हैं । जब एक व्यक्ति कलम से परिचित है, तो उसे यह भी पता होगा कि यह कलम है और मुझे कलम का ज्ञान है । इसे स्वतः प्रकाशवाद कहते हैं । सांख्य, प्रभाकर मीमांसा तथा अद्वैत दर्शन स्वतः प्रकाशवाद को मानते हैं । उनके अनुसार ज्ञान स्वयं प्रकाशित होती है । परतः प्रकाशवादी के अनुसार ज्ञान स्वयं प्रकाशित नहीं होती बल्कि अन्य जानकारियाँ उसे उद्घाटित करती हैं । न्याय एवं भटट मीमांसा परतः प्रकाशवाद को मानते हैं ।

ज्ञान तार्किकता का सिद्धान्त

इसमें दो सिद्धान्त हैं । इसमें सिद्धान्त की तार्किकता को स्वयं सिद्ध माना गया है । उसे स्वतः प्रमाण्यवाद कहते हैं । उनकी मान्यता है कि ज्ञान के उत्पादक कारकों का योग ही ज्ञान की तार्किकता को जन्म देता है । यदि प्रमाण कमियों से मुक्त है, तो उसके परिणामस्वरूप निर्मित ज्ञान भी स्वतः सिद्ध होता है ।

दूसरी ओर परतःप्रमाण्यवाद है जो ज्ञान की बाह्य संबन्धों पर आधारित है । इसके अनुसार ज्ञान की वास्तविकता सही दृष्टि और सही प्रकाश व्यवस्था जैसी बाह्य परिस्थितियों पर आधारित हैं । सांख्य, योग, वेदान्त तथा प्रभाकर मीमांसा स्वतः प्रमाण्यवाद को मानते हैं । न्याय एवं वैशेषिक परतःप्रमाण्यवाद को मानते हैं ।

मिथ्या

विपर्यय के अन्दर मिथ्याधारणा अथवा ख्याति की अवधारणा मुख्य है । इसको अध्यास भी कहते हैं । मिथ्याधारणा स्मृति, स्वप्न आदि से भिन्न हैं । मिथ्याधारणा में वस्तु उसी प्रकार दिखता है, जैसे प्रत्यक्ष ज्ञान में दिखते हैं । यह मस्तिष्क से संबन्धित होता है । मिथ्या में बाहर से थोपा जाना अनिवार्य है । जब किसी सीपी में चाँदी का भ्रम होना मिथ्याधारणा के लिए

उदाहरण है । मिथ्याधारणा की परिकल्पना को समझना उतना आसान नहीं है । इसके संबन्ध में विभिन्न मत निम्नलिखित हैं ।

१) बौद्ध दर्शन की माध्यमिका अध्ययन शाखा का असत्ख्यातिवाद

इस वाद के अनुसार मिथ्याधारणा में असत् को ही सत् मान लिया जाता है । सीपी को देखकर चाँदी मान लिया है । इनके अनुसार सीपी भी चाँदी के समान मिथ्या है ।

२) बौद्ध दर्शन के योगाकार अध्ययन शाखा का आत्मख्यातिवाद

इनके अनुसार आंतरिक विचारों के अलावा किसी भी वस्तु का अस्तित्व नहीं है । आंतरिक बोध के रूप में चाँदी और सीपी का चित्र मन में होने के कारण दोनों वास्तविक हैं । मिथ्या तब होता है, जब हम वस्तु को बाह्य रूप में देखते हैं ।

३) न्याय दर्शन का अन्यथाख्यातिवाद

सृष्टि में सभी कुछ वस्तु वास्तविक है । उनके अनुसार मिथ्या में किसी वस्तु को उसके वास्तविक स्वरूप को अन्य किसी रूप में समझ लिया जाता है । उदाः सीपी को देखकर चाँदी समझा जाता है ।

४) सांख्य शाखा का सदासत्ख्यातिवाद

इनका कहना है कि विभिन्न परिस्थितियों में समान वस्तु को वास्तविक तथा अवास्तविक माना जाता है । सीपी पर बाह्य रूप में थोपे जाने पर वह अवास्तविक वस्तु है, और जब सीपी को भ्रम से चाँदी मान लिया जाता है तो वह वास्तविक वस्तु है ।

५) प्रभाकर मीमांसा का अख्याति सिद्धान्त

इनका कहना है कि मिथ्या किसी वस्तुओं को गलत समझने से नहीं, बल्कि उनके बीच की भेद को न समझ पाने की कारण होती है । सीपी और चाँदी की बीच की अंतर को न समझ पाने से मिथ्या आ जाती है ।

६) भट्ट मीमांसा का विपीरतख्याति सिद्धान्त

इनके अनुसार मिथ्या केवल दो वस्तुओं के भेद को न समझ पाने से नहीं बनते हैं बल्कि दो गलत या असंबन्ध ज्ञान को एक रूप में मान लेने से होता है । सीपी तथा चाँदी की व्यक्तिगुण को भूलकर सफेद और चमकीले जैसे सामान्य गुणों के कारण सीपी की चाँदी मान लिया गया है ।

७) अद्वैत वेदांत संप्रदाय का अनिर्वचनीयख्याति सिद्धान्त

इनका कहना है कि विपर्यय का पता लगते ही चाँदी गायब हो जाती है। यह अवास्तविक चाँदी नहीं है क्योंकि यहाँ सचमुच चाँदी की धारणा पैदा हुई थी । लेकिन एक ही वस्तु (चाँदी)यथार्थ और अयथार्थ दोनों नहीं हो सकते। चाँदी यथार्थ या अयथार्थ न होकर अनिर्वचनीय है।

भारतीय ज्ञान प्रणालियों की विभिन्न पद्धतियाँ

भारतीय दर्शन के इतिहास से पता चलता है कि भारतीय ज्ञान प्रणालियों की पद्धतियाँ एक साथ विकसित नहीं हईं। भारतीय विज्ञान और सामाजिक विज्ञान से दर्शनशास्त्र बिल्कुल भिन्न है। उसमें प्रत्यक्ष निष्कर्ष अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

भारतीय ज्ञान प्रणालियों में व्यवस्था निर्माण

भारतीय ज्ञान प्रणालियों ने व्यवस्था निर्माण (system building) पद्धति को अपनाया है। प्राचीन काल में गुरु मुँह से सीखकर अगली पीढ़ी की ओर ज्ञान प्रसारित किया गया था । पूर्व ज्ञान को कठिन आलोचना के बाद ही नये रूप में प्रस्तुत किया गया था । इस तरह की विभिन्न पद्धतियों के कारण भारतीय दर्शनशास्त्र अकाठ्य माना जाता है । ज्ञान निर्माण की विभिन्न पद्धतियाँ निम्नलिखित हैं ।

१) पूर्व पक्ष

लगभग सभी अध्ययन शाखाओं ने इस पद्धति को अपनायी है । इसमें अपने दर्शन का पूर्ण प्रदर्शन के लिए स्वयं आलोचना प्रस्तुत करता है । आलोचना इस प्रकार होती है कि कोई विरोध कर रहा हो । इसमें विपक्ष को उत्तर पक्ष कहते हैं । आलोचना के बाद अपने दर्शन को संपूर्ण और विपक्ष को अपूर्ण स्थापित किया जाता था ।

२) तर्कशास्त्र

न्याय संप्रदाय में तर्क को एक पद्धति के रूप में अपनाया गया है । इसलिए न्याय को तर्कशास्त्र भी कहते हैं । तर्क की पद्धति की आलोचना हेतु विद्या द्वारा की गई है । हेतु विद्या में प्रश्न के कारण और निवारणों का परीक्षण करते है ।

३) प्रसंग

माध्यमिक बौद्धों द्वारा इस पद्धति को अपनायी गयी है । इसका प्रवर्तक नागार्जुन है । इनके अनुसार हर स्थिति के लिए दो मूल विकल्प होते हैं जैसे उसका सकार अथवा नकार ।

४) स्यादवाद

जैनों का स्यादवाद प्रसंग के एकदम विरुद्ध है। इनका कहना है कि एक स्थिति के लिए दो विकल्प संभव नहीं हैं । इनका कहना है कि हर एक निर्णय अपेक्षाकृत सत्य होते हैं । स्याद शब्द का अर्थ है सापेक्ष रूप में । इसलिए इस सिद्धान्त को निर्णय की सापेक्षता का सिद्धान्त भी कहते हैं ।